महानदी कोल रेलवे लिमिटेड

(महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के एक अनुषंगी कंपनी)

वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा

२०२०-२१

खनन गहरा

लक्ष्य ऊंचा

महानदी कोल रेलवे लिमिटेड

(महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखा

2020-21

पंजीकृत कार्यालयः- जागृति विहार, बुर्ला

संबलपुर, ओडिशा, 768020

विषय सूची

क्रम संख्या		पृष्ठ संख्या
1.	कंपनी की जानकारी	1
2.	निदेशक मंडल	2
3.	वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना	3
4.	निदेशकों के प्रतिवेदन	4-13
5.	लेखा-परीक्षकों के प्रतिवेदन	14-24
6.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	25
7.	31 मार्च, 2021 के अनुसार तुलन पत्र	27-28
8.	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि का विवरण	29-30
9.	नगद प्रवाह विवरण	31-32
10.	तुलन पत्र के गठित भाग की अनुसूची और लाभ-हानि का विवरण	33-77

कंपनी की जानकारी

वर्ष, 2020-21 के दौरान प्रबंधन

अध्यक्ष

श्री ओ.पी. सिंह		(01.03.2019 से प्रभावी)

निदेशक

श्री केशव राव		(16.12.2020 से प्रभावी)
श्री के.के. राउल		(10.01.2019 से प्रभावी)
श्री ए. हुसैन		(15.12.2020 तक)
श्री एस.के. मोहांती		(01.06.2016 से प्रभावी)
श्री एस.एल. गुप्ता		(25.08.2016 से प्रभावी)
श्री एम.के. सिंह		(01.11.2019 से प्रभावी)
श्री ए. नरेन्द्र		(02.08.2017 से प्रभावी)
श्री एस.के. सिंहा	सी.ई.ओ.	(24.12.2020 से प्रभावी)
श्री बी.के. बेहेरा	सी.ओ.ओ.	(08.07.2019 से प्रभावी)
श्री पी.के. पंडा	सी.एफ.ओ.	(01.06.2020 से प्रभावी)

सांविधिक लेखापरीक्षक

मेसर्स एस. कक्कड़ एंड असोसिएट्स,
सनदी लेखाकार,
गोलबाजार, संबलपुर, ओडिशा

बैंकर्स

भारतीय स्टेट बैंक,
एमसीएल कॉम्प्लेक्स शाखा,
जागृति विहार, बुर्ला,
संबलपुर, ओडिशा-768020.

आईसीआईसीआई बैंक
सचिवालय मार्ग,
बर्मा नगर, यूनिट -4,
भुवनेश्वर - 751001

पंजीकृत कार्यालय

महानदी कोल रेलवे लिमिटेड,
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर,
ओडिशा-768020.

निदेशक मंडल 30.06.2021 तक

श्री ओ.पी. सिंह	अध्यक्ष
श्री केशव राव	निदेशक
श्री के.के. राउल	निदेशक
श्री एस.एल. गुप्ता	निदेशक
श्री एम.के. सिंह	निदेशक
श्री ए. नरेन्द्र	निदेशक
श्री एस.के. मोहांती	निदेशक

स्थगित 6वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि महानदी कोल रेलवे लिमिटेड की छठवीं वार्षिक आम बैठक (जो 5 जुलाई, 2021 को बुलाई गई थी और कोरम के अभाव में स्थगित कर दी गई) निम्नलिखित कार्यों के संचालन हेतु शुक्रवार, 16 जुलाई, 2021 को अपराह्न 04.00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, ओडिशा - 768020 में आयोजित की जाएगी :

सामान्य कार्य :

1. 31मार्च 2021 के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों ,तुलन पत्र और-उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण निदेशक मंडल की रिपोर्ट, वैधानिक लेखापरीक्षक तथा उस पर भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट सहित 31मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों पर विचार करने तथा उसे स्वीकार करने हेतु।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते महानदी कोल रेलवे
लिमिटेड
ह-/.
(सिंह .पी .ओ)
अध्यक्ष
डीआईएन : 07627471

स्थान : संबलपुर
तिथि: 15.07.2021

टिप्पणी :

1. बैठक में भाग लेने और मतदान करने का हकदार सदस्य स्वयं के बदले उपस्थित होने और मतदान करने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का हकदार है और प्रॉक्सी को कंपनी का सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है।
2. प्रॉक्सी के प्रभावी होने के लिए कंपनी को बैठक शुरू होने से कम से कम 48 घंटे पहले सूचना प्राप्त होनी चाहिए।
3. बैठक में भाग लेने के लिए अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को भेजने के इच्छुक कॉर्पोरेट सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने प्रतिनिधि को बैठक में भाग लेने और उनकी ओर से मतदान करने के लिए अधिकृत करने वाले बोर्ड संकल्प की एक प्रमाणित प्रति भेजें।
4. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105 के प्रावधानों तथा उस पर लागू नियमों के साथ पठित रूप में कोई व्यक्ति पचास से अधिक नहीं सदस्यों की ओर से एक प्रॉक्सी के रूप में कार्य कर सकता है और जो कुल मिलाकर मतदान अधिकार रखने वाली कंपनी की कुल शेयर पूंजी का दस प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता है, मतदान अधिकार रखने वाली कंपनी एक व्यक्ति को प्रॉक्सी के रूप में नियुक्त कर सकती है, जो किसी अन्य सदस्य के लिए प्रॉक्सी के रूप में कार्य नहीं करेगा।
5. शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 101 (1) के तहत प्रावधानों के अनुसार वार्षिक सामान्य बैठक को अल्पावधि की सूचना पर बुलाने के लिए अपनी सहमति दें।

निदेशक प्रतिवेदन

प्रिय सदस्यों,

आपकी कंपनी के निदेशक मण्डल की ओर से वर्ष 2020-21 के लिए आपकी कंपनी के 6वीं वार्षिक प्रतिवेदन के साथ समेकित वित्तीय लेखा प्रतिवेदन, सांविधिक लेखा परीक्षक एवं भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणी प्रस्तुत करना मेरे लिए गर्व एवं सौभाग्य की बात है।

1. संगठन:

ओड़िशा राज्य के रेल गलियारे के वाहनों को खास प्रयोजन(एस.पी.वी.) के अनुकूल बनाये जाने के लिए महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड और ओडिशा औद्योगिक विकास संरचना निगम (इडको) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए, इस तरह महानदी कोल रेलवे लिमिटेड (एमसीआरएल) को 31 अगस्त, 2015 से एक पृथक कंपनी के रूप में 64:26:10 के सहभागिता अनुपात में शामिल किया गया। इस प्रकार के उद्यमों में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के प्रशासनिक सहयोग तथा आपसी तालमेल की आवश्यकता होती है। रेलवे की ओर से इसे तकनीकी सहायता और एमसीएल की ओर से व्यावसायिक समर्थन प्राप्त हुआ, जिससे कोयला खदाने तार्किक चुनौतियों का सामना कर सके। रेल के बुनियादी ढांचे और रेल गलियारों के बाहर यातायात से उत्पन्न राजस्व के बंटवारे में निवेश करके एक सहभागी व्यापार मॉडल के माध्यम से उद्यम को बनाए रखने पर विचार किया गया है।

समझौता ज्ञापन के अनुरूप इडको के इक्विटी शेयर के तहत भूमि का मूल्य 10% या उससे अधिक होने पर ओड़िशा सरकार द्वारा उसे उपलब्ध कराया जाएगा। यदि दी गई भूमि का मूल्य ओड़िशा सरकार ने 10% से अधिक बढाया हो तो आईडीसीओ और एमसीएल की हिस्सेदारी के प्रतिशत को उसी हिसाब से संशोधित किया जाएगा। ओड़िशा सरकार, राज्य सरकार (राजस्व और वनभूमि) के स्वामित्व की भूमि प्रदान करेगी तथा उस भूमि का मूल्य उसकी इक्विटी के अनुरूप ही समायोजित किया जाएगा। क्षतिपूर्ति वनीकरण, शुद्ध वर्तमान मूल्य, वन्यजीव प्रबंधन योजना, सीमांकन, कटाई तथा वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत वन योजना के पथांतरण प्रस्ताव हेतु अन्य शुल्क एमसीआरएल द्वारा वहन किए जाएंगे। रेलवे परियोजनाओं पर डोमेन विशेषज्ञता रखने और दो चरणों में निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में इरकॉन के माध्यम से कार्य करने हेतु प्रारंभिक गतिविधियों को करने की कल्पना की गई है। संपत्ति के रखरखाव, छूट और संचालन के लिए एमसीआरएल रेल मंत्रालय के साथ अलग समझौता करेगा।

एम.सी.आर.एल. की परियोजना का संक्षिप्त विवरण.

दिनांक 11.09.2015 को आयोजित पहली निदेशक मण्डल की बैठक के दौरान एम.सी.आर.एल. ने अंगुल-बलराम-जरापाडा और एक लाइन तेंटुलोई (68 किमी) खंड की पहचान अपनी पहली परियोजना के रूप में की है। इस परियोजना में मुख्य रूप से 3 लाइन जिनमें (1) अंगुल-बलराम, (2) बलराम-पुटागाडिया और (3) जरापाडा-पुटागाडिया-तेंटुलोई शामिल हैं। गलियारे के अंगुल-बलराम लाइन के लिए भूमि एमसीएल द्वारा पहले ही अधिगृहीत की जा चुकी है। रेलवे अधिनिय,1989 के तहत बलराम-पुटागरिया और जरापाडा-पुटागाडिया-तेंटुलोई लाइन के लिए भूमि अधिगृहीत की जानी है। पूरे परियोजना को रेलवे विशेष परियोजना के रूप में घोषित किया गया है।

2. कार्य निष्पादन की मुख्य बातें :

क. एमसीआरएल कार्यालय की स्थापना :

महानदी कोल रेलवे लिमिटेड ने कोयले की निकासी हेतु ओड़िशा राज्य के तालचेर क्षेत्र में रेल गलियारे के विकास के लिए प्लॉट नं.–A/32, खारवेल नगर, सचिवालय मार्ग, भुवनेश्वर में 11 मंजिला ओएसएचवी बिल्डिंग के 5वीं मंजिल पर अपने कार्यालय की स्थापना की है। कार्यालय 01.02.2017 से उक्त पते पर कार्य कर रहा है।

ख. विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन(डीपीआर) :

दिनांकः27.10.2017 को अंगुल-बलराम-पुटागाडिया-जरापाडा के डीपीआर और तेंदुलोई (लगभग 68 किलोमीटर) तक एक लाइन को रेलवे बोर्ड द्वारा सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। दिनांक 31.01.2018 को पूर्व तट रेलवे द्वारा डी.पी.आर. को अंतिम मंजूरी प्रदान की गई। 60% की बढ़ी हुई माइलेज की स्वीकृति तथा रेलवे परियोजना के लिए सी.ओ.एम., ईस्ट कोस्ट रेलवे ने दिनांक 29.01.2018 को रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा। 60% के बढ़े हुए माइलेज और विशेष रेलवे परियोजना के लिए रेलवे से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। निर्माण के दौरान मुद्रास्फीति, परियोजना प्रबंधन और ब्याज सहित परियोजना की कुल लागत ₹1,700 करोड़ है।

ग. स्टैकहोल्डर के साथ बैठक :

दिनांक 18.11.2016 को ओ-डी यातायात अध्ययन में शामिल खनन योजना एवं यातायात के संबंध में भावी स्टैकहोल्डर अर्थात् नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी), नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नॉलको), सींगेरेनी कोलियरी कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) एवं ओड़िशा माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएमसी) के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी।

घ. भूमि

व्यापक गलियारे के लिए रेलवे, सड़क और पानी की पाइप को समायोजित करने हेतु इडको ने मैसर्स ब्राह्मणी रेलवे लिमिटेड के लिए भूमि अधिग्रहण योजना की शुरुआत की है। मैसर्स ब्राह्मणी रेलवे लिमिटेड/आईडीसीओ की भूमि आवश्यकताओं के लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के तहत ओड़िशा सरकार ने मई, 2015 को 6(1) अधिसूचना प्रकाशित की।

दिनांक-21.03.2016 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा यह निर्णय लिया गया कि भूमि की चौड़ाई को कम कर केवल रेल लाइन एवं इसके रख-रखाव, सड़क के लिये आवश्यक अतिरिक्त भूमि को समायोजित किया जायेगा। तदनुसार नवीन सर्वेक्षण किया गया एवं निर्धारित भूमि को संशोधित किया गया।

एम.सी.आर.एल. गलियारे का पूरा संरेखण मेसर्स ब्राह्मणी रेलवे लिमिटेड / इडको की अधिसूचित भूमि सीमा के भीतर सामरिक महत्व के रूप में रखा गया है। भारत का राजपत्र के अधिसूचना संख्या - 4171 दिनांक 23 अक्टूबर, 2018 के द्वारा अब इस पूरी परियोजना को रेलवे स्पेशल प्रोजेक्ट घोषित कर दिया गया है, इसके पश्चात रेलवे अधिनियम(आरएए-2008) के तहत भूमि अधिग्रहण किया जाएगा।

सक्षम प्राधिकारी को भारत के राजपत्र अधिसूचना संख्या 0709 दिनांक 14 फरवरी, 2020 के माध्यम से धारा 7 (ए) के तहत नामित किया गया है और धारा 20 ए के तहत आगे की अधिसूचना प्रक्रियाधीन है।

ङ. स्वतंत्र अभियंता की नियुक्ति:

वर्ष 2014 के रेलवे के मॉडल संयुक्त उद्यम समझौते के अनुच्छेद-20 के अनुसार के तहत कंसेसियनर अर्थात एमसीआरएल द्वारा आंचलिक रेलवे के अनुमोदित सूची में से एक स्वतंत्र अभियंता की नियुक्ति की जाएगी, जो इरकॉन द्वारा प्रस्तुत डिजाइन एवं ड्राइंग की जाँच करेगा। अतः ईस्ट कोस्ट रेलवे की अनुमोदित सूची से उपरोक्त परियोजना को प्रवर्तन में लाने हेतु स्वतंत्र अभियंता के रुप में एक कंसल्टेंट को नियुक्त किया जाएगा। स्वतंत्र अभियंता के नियोजन की प्रक्रिया चल रही है।

च. ऋण के लिए बैंक के साथ संबंध स्थापित करना:

वित्तीय अध्ययन के अनुसार अनगुल-बलराम-पुटगाड़िया-टैंटुलोई-जरापाड़ा रेल गलियारे के विकास हेतु कुल व्यय रु 1700 करोड़ होगी। प्रमोटर से 30% इक्विटी लेने के पश्चात्, वित्तीय संस्थानों से ऋण के रूप में लगभग 1190 करोड़ रूपये लेने की आवश्यकता होगी। 26.11.2019 को एमसीआरएल के इनर कॉरीडोर के वित्तीय समापन यानि 1,190 करोड़ रूपये के सावधि ऋण की व्यवस्था के लिए निविदा जारी की गई है। वित्तीय समापन की गतिविधियां प्रक्रियाधीन हैं।

छ. अनगुल-बलराम खंड का निर्माण:

निदेशक मण्डल की 6वीं बैठक के दौरान, यह निर्णय लिया गया कि अंगुल-बलराम खंड के बीच कार्य वित्तीय समापन होने के बावजूद किया जाएगा। परियोजना के इस भाग के लिए आवश्यक धनराशि की व्यवस्था एमसीएल द्वारा ऋण के रूप में की जाएगी। तदनुसार दिनांक 16.11.2018 को मैसर्स इरकॉन (IRCON) ने अंगुल-बलराम खंड का कार्य मेसर्स लक्ष्मी इंटरप्राइज़ेज, झारखंड को अनुमानित लागत ₹64.69 करोड़ के साथ कार्य सौंपा, जिसे 09 महीने की अवधि में पूर्ण करना है।

एमसीआरएल ने उपरोक्त खंड के निर्माण के लिए ₹145 करोड़ की निधि की व्यवस्था के लिए एमसीएल से अनुरोध किया और प्राधिकृत पूंजी एवं चुक्ता शेयर में भी ₹100,00,00,000 (रूपये एक सौ करोड़) को 10,00,00,000 (दस करोड़) में विभाजित कर ₹10 प्रति इक्विटी शेयर के हिसाब से वृद्धि किये जाने पर सहमति व्यक्त की।

मेसर्स इरकॉन ने अंगुल-बलराम खंड के लिए 3 अन्य कार्यों i) मेसर्स ज्योतिन कुमार साहू, भुवनेश्वर को 03.08.2020 को 10 महीने की पूर्णता अवधि के साथ 1.26 करोड़ रुपये की लागत से एचटी और एलटी पावर लाइन क्रॉसिंग के संशोधन के लिए ii) मैसर्स श्याम तकनीकी उद्योग, झारखंड ओएचई विद्युत कार्य के लिए 27.11.2020 को 11.03 करोड़ की लागत से 12 महीने की अवधि के लिए और iii) मेसर्स जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड को 17.489 करोड़ रुपये की लागत से 15.01.2021 को कुल 2430 मीट्रिक टन की कुल मात्रा के लिए 13 मीटर लंबी 60 किलोग्राम रेल की आपूर्ति हेतु 3 महीने की अवधि के लिए अनुबंध दिया है।

अंगुल-बलराम खंड में निर्माण कार्य जोरों पर है जो स्थानीय ग्रामीणों के प्रतिरोध के कारण प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन की मदद से कार्य चल रहा है और करीब 53% कार्य पूर्ण हो चुका है।

ज. बाहरी गलियारे(आउटर कॉरिडोर) का सर्वेक्षण :

दिनांक 11.09.2015 को एमसीआरएल के प्रथम निदेशक मंडल की बैठक में, 'आउटर कॉरिडॉर' के रूप में नामित अन्य गलियारे जैसे – टेंटुलोई-बुढ़ापंक वाया तालबीरा, चन्द्रबिला, साखिगोपाल को लगभग 98 किलोमीटर को कंपनी द्वारा चिन्हित किया गया। अंगुल बलराम –पुटागाडिया-टेंटुलोई–जारापाड़ा रेल गलियारे की शुरुआत के पश्चात तथा परियोजना की व्यवहार्यता पर विचार करते हुए इस गलियारे की प्रारम्भिक शुरुआत करने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

झ. टेंटुलोई से ओ.एम.सी खान का संयोजन:

ओड़िशा सरकार के मुख्य सचिव ने मैसर्स ओड़िशा माइनिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के खनन योजना की समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया कि टेंटुलोई से वैतरणी (पश्चिम) का संयोजन रेल द्वारा किया जायेगा। बैठक का कार्यवृत्त एवं एमडी/ओएमसी के अनुवर्ती पत्र के द्वारा एमसीएल मुख्यालय को दिनांक-02.03.2017 को सूचित किया गया कि भविष्य में यह कार्य एमसीआरएल के पश्चिम गलियारे का हिस्सा होगा, इस बात को ध्यान में रखते हुए इरकॉन का सर्वेक्षण एवं व्यवहार्यता रिपोर्ट/डीपीआर प्रस्तुत करने की सलाह दी गई।

3. पूंजीगत संरचना :

कंपनी की अधिकृत और चुकता पूंजी में ₹100,00,00,000 (रुपए एक सौ करोड़) को 10,00,00,000 (दस करोड़) से विभाजित कर ₹10 प्रति इक्विटी शेयर प्राप्त की गई। 31.03.2021 तक कंपनी की चुकता पूंजी रु.5,00,000/- थी।

संस्थापक कंपनियों की इक्विटी शेयरहोल्डिंग पैटर्न इस प्रकार हैं :

क्रमांक	संस्थापक कंपनी का नाम	31.03.2021 के अनुसार शेयरहोल्डिंग पैटर्न	31.03.2020 के अनुसार शेयरहोल्डिंग पैटर्न
1	महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड	64%	64%
2	इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड	26%	26%
3	ओड़िशा औद्योगिक संरचना विकास निगम	10%	10%
	कुल	100%	100%

4. वित्तीय परिणाम:

वित्तीय वर्ष 2020-21 के वित्तीय परिणाम निम्नानुसार हैं-

विवरण	**31.03.2021** को समाप्त वर्ष के लिए (रुपये लाख में)
वर्ष की आय	2.24
मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय को छोड़कर वर्ष के लिए व्यय	7.95
मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय से पूर्व लाभ या हानि	(5.71)
घटाव: मूल्यह्रास और ऋण परिशोधन व्यय	0.00
अवमूल्यन और ऋण परिशोधन व्यय के पश्चात परंतु कर पूर्व लाभ या हानि	(5.71)
घटाव : चालू कर	0.00
कर के पश्चात लाभ या हानि	(5.71)

कंपनी निर्माण के चरण में है और परिचालन गतिविधियां अभी तक शुरू नहीं हुई हैं। इसलिए, कंपनी द्वारा किए गए सभी व्यय, जो सीधे वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान परियोजना के लिए जिम्मेदार हैं, को पूंजीकृत किया गया है और अन्य अप्रत्यक्ष खर्चों को "लाभ और हानि विवरण" के लिए प्रभारित किया गया है। 31.03.2021 की स्थिति के अनुसार, कंपनी ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (होल्डिंग कंपनी) से प्रतिभूति-रहित अल्पावधि ऋण के रूप में 10671.59/- लाख रुपये लिए हैं।

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 की शर्तों तथा सुसंगत अधिनियम के प्रावधान और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी किए गए और लागू होने वाले दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 133 के तहत अधिसूचित लेखा मानकों के अंतर्गत भारत में स्वीकृत लेखाकंन सिद्धान्त (इंडियन जी.ए.ए.पी.) के अनुसार कंपनी का वित्तीय विवरण तैयार किया गया है। एक नए जारी किए गए लेखांकन मानक, को यदि प्रारंभ में अपनाया गया हो या मौजूदा लेखांकन मानक में संशोधन के लिए लेखांकन नीति में बदलाव की आवश्यकता हो, तो लेखांकन नीतियों को लगातार लागू किया जाएगा। प्रबंधन द्वारा सभी नवीनतम आधार पर जारी किए गए या संशोधित लेखा मानकों का मूल्यांकन किया जाता है। कंपनी के स्टैंडअलोन लेखा परीक्षाओं के वित्तीय परिणाम का खुलासा तिमाही और वार्षिक आधार पर किया जाता है।

5. लाभांश :

कंपनी ने वर्ष के दौरान किसी भी लाभांश को घोषित नहीं किया है।

6. रिजर्व :

कंपनी ने रिजर्वों में किसी भी राशि का अंतरण नहीं किया है।

7. सरकारी राजकोष से अंशदान : शून्य

8. अनुषंगी/संयुक्त उद्यम कंपनियां:

आपकी कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) एक सहायक कंपनी है। इसकी कोई आनुषंगी/संयुक्त उद्यम कंपनी नहीं है।

9. जमा :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 तथा इसके तहत बनाए गए नियम के अनुसार कंपनी ने वर्ष के दौरान जनता से कोई जमा राशि स्वीकृत नहीं की है।

10. जोखिम प्रबंधन :

जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया के लिए कंपनी के विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में जोखिम की पहचान, आकलन और उसके नियंत्रण हेतु अंतर्निहित जोखिम, बाहरी और आंतरिक, आवश्यक नियंत्रण उपायों के कारण जोखिम प्रभावों को नियमित तौर पर महत्व देता है। प्रबंधन नियमित रूप से सभी जोखिमपूर्ण कार्यों पर नजर रखता है।

11. संबन्धित पार्टी से लेनदेन :

वित्तीय वर्ष के दौरान दर्ज किए गए सभी संबंधित पार्टी के लेनदेन आर्म्स लैंथ आधार पर और व्यवसाय के सामान्य क्रम में थे। कंपनी द्वारा प्रमोटरों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक या अन्य नामित व्यक्तियों के साथ निर्मित लेन-देन भौतिक रूप से महत्वपूर्ण लेन-देन नहीं है, जिससे कि कंपनी के हित के साथ कोई संभावित संघर्ष उत्पन्न हो सकता है।

12. ऋण की गारंटी व निवेश का विवरण :

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2015 को जारी स्पष्टीकरण तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 (4) और (11) के अनुसार किए गए निवेश का पूर्ण विवरण, दिए गए ऋण या गारंटी प्रदान किए गए सुरक्षा के वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है, और जिस उद्देश्य के लिए प्राप्तकर्ता द्वारा ऋण या गारंटी या सुरक्षा का उपयोग करने का प्रस्ताव दिया जाता है, उसका खुलासा किया गया है।

13. सतर्कता तंत्र/ व्हिसिल ब्लोअर नीति

एक सरकारी कंपनी के रूप में कंपनी की गतिविधियाँ नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, सतर्कता केंद्रीय जाँच ब्युरो आदि के द्वारा लेखा परीक्षा के लिए खुली होती हैं।

14. लेखा परीक्षक:

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 139 के अंतर्गत निम्नलिखित लेखा फर्म को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

मेसर्स एस. कक्कड़ एंड असोसिएट्स, सनदी लेखाकार, गोलेबाजार, संबलपुर-ओडिशा।

15. निदेशक मण्डल

महानदी कोल रेलवे लिमिटेड में निदेशक मण्डल के सदस्यों की संख्या 7 (सात) है, जिनमें एमसीएल के अध्यक्ष तथा मनोनीत 02(दो) निदेशक, इरकॉन के मनोनीत 02(दो) निदेशक, इडको के मनोनीत 01(एक) निदेशक तथा रेल मंत्रालय के मनोनीत 01(एक) निदेशक शामिल हैं।

निदेशक मण्डल की संरचना दिनांक 31.03.2021 के अनुसार निम्नवत् है-

क्रमांक	नाम	पदनाम	नियुक्ति तिथि
1.	श्री ओ.पी. सिंह	अध्यक्ष	01.03.2019
2.	श्री के. राव	निदेशक	16.12.2020
4.	श्री के.के. राउल	निदेशक	10.01.2020
5.	श्री एस.एल. गुप्ता	निदेशक	25.08.2016
6.	श्री एम.के. सिंह	निदेशक	01.11.2019
7.	श्री एस.के. मोहांती	निदेशक	01.06.2016
8.	श्री ए. नरेन्द्र	निदेशक	02.08.2017

16. बोर्ड की बैठक:

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 02.06.2020, 04.07.2020, 20.07.2020 और 09.02.2021 को बोर्ड की चार (04) बैठकें हुईं और दो बैठकों के बीच का अंतर 120/180 दिनों से कम था। वित्तीय वर्ष के दौरान आयोजित बोर्ड की बैठकों और निदेशकों की उपस्थिति का विवरण नीचे दिया गया है।

क्रमांक	निदेशक का नाम	श्रेणी	कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थित
1	श्री ओ.पी. सिंह	गैर-कार्यकारी (एमसीएल)	4	4
2	श्री के. राव	गैर-कार्यकारी (एमसीएल)	1	1
3	श्री अन्वर हुसैन	गैर-कार्यकारी (एमसीएल)	3	3
4	श्री के.के. राउल	गैर-कार्यकारी (एमसीएल)	4	4
5	श्री एस.एल. गुप्ता	गैर-कार्यकारी (इरकॉन)	4	4
6	श्री एम.के. सिंह	गैर-कार्यकारी (इरकॉन)	4	3
7	श्री एस.के. मोहांती	गैर-कार्यकारी (इडको)	4	4
8	श्री ए. नरेन्द्र	गैर-कार्यकारी (रेलवे द्वारा नामांकित)	4	2

17. ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी समावेशन और विदेशी मुद्रा का आय एवं व्यय :

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (3) (एम) तथा कंपनी नियमावली 2014, के नियम 8(3) के साथ इसे पढ़ा जाए, जिसमें ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी समावेश, विदेशी मुद्रा के आय तथा व्यय से संबंधित जानकारी इस रिपोर्ट में संलग्नित हैं।

18. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 को कंपनी नियमावली, 2014 (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति तथा उनकी पारिश्रमिक) के नियम 5(2) के साथ पढ़ा जाये जिसमें कर्मचारियों को दिये जाने वाले पारिश्रमिक की जानकारी उपलब्ध हो।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 197 को कंपनी नियमावली 2014 (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति तथा उनकी पारिश्रमिक) के नियम 5(2) के अनुसार उपलब्ध जानकारी के तहत आपके कंपनी पर यह लागू नहीं होती क्योंकि कंपनी के कोई भी कर्मचारी रू 5,00,000/- प्रतिमाह या रू 60,00,000/- प्रतिवर्ष से अधिक आहरित नहीं कर रहा था या प्रबंध निदेशक या पूर्ण कालिक निदेशक या प्रबंधक और स्वयं नियंत्रण या किसी पति/पत्नी के और आश्रित बच्चे के साथ, कंपनी की दो प्रतिशत इक्वटी शेयर से अधिक आहरित नहीं करता।

19. निदेशकों का उत्तरदायित्व-वक्तव्य

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (5) के आवश्यकतानुसार माननीय सभी निदेशकों के उत्तरदायित्व-वक्तव्यों की एतद्द्वारा यह पुष्टि की जाती है कि-

1. 31.03.2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सामग्री निर्गत संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखा मानकों (लेखा टिप्पणियों के खुलासे के अलावा) का अनुसरण किया गया है।

2. निदेशकों ने ऐसी लेखा नीति का चयन कर उसका सुसंगत प्रयोग किया एवं उचित तथा विवेकपूर्ण निर्णय सहित आकलन किया है, ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति तथा आलोच्य वर्ष में कंपनी के लाभ एवं हानि का सही तथा उचित जानकारी दी जा सके।

3. कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने तथा रोकथाम करने हेतु कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधान के अनुसार समुचित लेखा रिकार्डों के अनुरक्षण के लिए निदेशकों द्वारा उचित तथा पर्याप्त सावधानी बरती गई है।

4. निदेशकों ने 31.03.2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए खातों को 'गोइंग कंसर्न' आधार पर तैयार किया है।

5. निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की थी और इस तरह के प्रणाली पर्याप्त थी और प्रभावी ढंग से परिचालन कर रही थी।

20. बैंकर्स का नाम एवं पता:

क्रमांक	नाम	शाखा का पता
1	भारतीय स्टेट बैंक	एमसीएल कॉम्प्लेक्स शाखा, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर
2	आईसीआईसीआई बैंक	सचिवालय मार्ग, बर्मा नगर, यूनिट-04, भुवनेश्वर-751001

21. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणी :

भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की लेखा पर की गई टिप्पणी इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है।

22. लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन :

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में दिए गए पर्यवेक्षण को संबंधित टिप्पणियों के साथ पढ़ा जाए, जो स्वत: स्पष्ट है तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के तहत जिस पर किसी और टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है। रिपोर्ट संलग्न है।

23. आभार :

आपके निदेशकगण कोयला मंत्रालय, रेल मंत्रालय और ओड़िशा सरकार, कोल इंडिया लिमिटेड, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड तथा ओड़िशा इंडस्ट्रीयल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रति उनकी बहुमूल्य सहायता, समर्थन एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हैं। आपके निदेशकगण ने जिला प्रशासन तथा उन सभी के प्रति जिन्होंने रेल कोरिडोर के विकास में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समय-समय पर सहायता एवं सहयोग दिया है, के प्रति आभार व्यक्त किया है।

आपके निदेशकगण सभी अंशधारियों को प्रबंधन का लगातार सहयोग देने तथा विश्वास बनाये रखने हेतु धन्यवाद एवं शुभकामनाएं देते हैं। आपके निदेशकगण कर्मचारियों एवं उनके संगठनों के सभी स्तरों पर प्रगति प्राप्त करने एवं लक्ष्य के निकट पहुँचने हेतु किए गए अथक प्रयास और योगदान के लिए उनकी प्रशंसा करते हैं।

आपके निदेशकों ने वाणिज्य लेखा परीक्षा के प्रधान निदेशक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा ऑडिट बोर्ड-II, कोलकाता, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय और कंपनी के रजिस्ट्रार ,ओड़िशा के कार्यालय के पदेन सदस्य द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए प्रशंसा दर्ज की है।

24. परिशिष्ट :

निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न है :

1. ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी समावेश और विदेशी मुद्रा आय एवं व्यय से संबंधित सूचना (अनुलग्नक-I) में दी गई है।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के तहत् सांविधिक लेखा परीक्षक रिपोर्ट (अनुलग्नक-II) में दी गई है।
3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ख) के तहत् भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी (अनुलग्नक-III) में दी गई है।

हस्ता/
(ओ.पी. सिंह)
अध्यक्ष

स्थान : संबलपुर
तिथि: 30.06.2021

अनुलग्नक – I

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन तथा विदेशी मुद्रा का आय एवं व्यय

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (एम) के तहत सूचना जिसे कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(3) तथा निदेशकों की रिपोर्ट के भाग के साथ पढ़ा जाए)

(क) ऊर्जा संरक्षण-

(i) उठाए गए कदम या ऊर्जा संरक्षण का प्रभाव: शून्य

(ii) कंपनी द्वारा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के उपयोग के लिए उठाए गए कदम: शून्य

(iii) ऊर्जा संरक्षण उपकरणों पर पूंजीगत व्यय: शून्य

(ख) प्रौद्योगिकी समावेशन-

(i) प्रौद्योगिकी समावेशन के लिए किये गए प्रयास : शून्य

(ii) उत्पादन सुधार, लागत में कमी, उत्पादन विकास या आयात विकल्प आदि से प्राप्त लाभ: शून्य

(iii) आयातित प्रौद्योगिकी (गत तीन वर्षों के दौरान आयातित जिसे वित्तीय वर्ष के शुरू से माना गया) के मामले में : शून्य

(iv) अनुसंधान एवं विकास पर किए गए व्यय: शून्य

(ग) विदेशी मुद्रा विनिमय आय एवं व्यय-

कंपनी का गठन 31 अगस्त, 2015 को हुआ है एवं इस तरह कोई गतिविधि प्रारंभ नहीं हुई है। विदेशी विनिमय के तहत आय तथा व्यय से संबंधित कोई लेन-देन नहीं की गई है।

(लाख रूपये में)

विवरण	2020-2021
कुल प्राप्त विदेशी मुद्रा (निर्यात का एफ.ओ.बी. मूल्य)	-
प्रयुक्त कुल विदेशी मुद्रा :	
i) कच्चा माल	-
ii) उपयोग योग्य भंडार	-
iii) पूंजीगत सामग्री	-
iv) विदेश यात्रा	-
v) अन्य	-

अनुलग्नक-II

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन

सेवा में

सदस्यगण, महानदी कोल रेलवे लिमिटेड

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

मत

हमने महानदी कोल रेलवे लिमिटेड ("कंपनी") के भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षा किया है, जिसमें 31 मार्च, 2021 तक तुलन पत्र, लाभ और हानि का विवरण, इक्विटी में बदलाव का विवरण और समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह का विवरण तथा वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां साथ ही महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश एवं अन्य व्याख्यात्मक जानकारी शामिल हैं (तत्पश्चात "वित्तीय विवरण" के रूप में संदर्भित किया जाता है)।

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के तहत, हमारे मत में, हमारी पूर्ण जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, आवश्यक वित्तीय विवरणों की जानकारी को सत्य और निष्पक्ष रूप में देते हैं, तथा 31 मार्च, 2021 तक कंपनी के मामलों की स्थिति में भारत में स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप और इसके हानि, इक्विटी में परिवर्तन और समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह की अनुरूपता में एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

मत के लिए आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के तहत निर्दिष्ट अंकेक्षण मानकों के अनुसार लेखा परीक्षा किया है। हमारे प्रतिवेदन के वित्तीय विवरण अनुभाग के लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों के उत्तरदायित्वों में उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को वर्णित किया है। कंपनी अधिनियम एवं इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक स्वतंत्र आवश्यकताओं के साथ हम भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं तथा हमने अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार पूरा किया है। हम यह मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है, वे हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

प्रमुख लेखापरीक्षा मामलें

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं, जो हमारे वृत्तिक निर्णय में, वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों के हमारे लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को समग्र रूप से हमारी राय बनाने एवं वित्तीय विवरणों के हमारे लेखापरीक्षा के संदर्भ में संबोधित किया गया था और इन मामलों में हम अलग राय प्रदान नहीं करते हैं।

अंकेक्षण मानक 701 के अनुसार प्रमुख लेखापरीक्षा मामले की रिपोर्टिंग, प्रमुख लेखापरीक्षा मामले कंपनी पर लागू नहीं होते हैं क्योंकि यह एक असूचीबद्ध कंपनी है।

वित्तीय विवरणों और लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन के अलावा अन्य जानकारी

अन्य जानकारियों की तैयारी के लिए कंपनी के निदेशक मंडल जिम्मेदार हैं। अन्य जानकारी में बोर्ड के प्रतिवेदन में शामिल जानकारी तथा प्रतिवेदन के अनुलग्नक सम्मिलित हैं, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और हमारे लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन शामिल नहीं है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी को कवर नहीं करती है और हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन एवं निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा के संबंध में हमारी ज़िम्मेदारी है की अन्य जानकारियों को पढ़ना और इस पर विचार करना कि क्या अन्य जानकारी वित्तीय विवरणों के साथ वास्तव में असंगत है या हमारे लेखापरीक्षा के दौरान प्राप्त जानकारी या अन्यथा वास्तव में गलत काहा गया है।

हमने जो कार्य किया है यदि उसके आधार पर हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी के भौतिक विवरण गलत हैं तथा हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करने की आवश्यकता है। हमारे पास इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

वित्तीय विवरणियों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

कंपनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") की धारा 134(5) से संबंधित मामलों के निपटान हेतु कंपनी के निदेशक मंडल उत्तरदायी होंगे। इन वित्तीय विवरणों की तैयारी एवं प्रस्तुतीकरण के संबंध में, जो कंपनी में आमतौर पर स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार है साथ ही अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखांकन मानक (भारतीय लेखांकन मानक) सहित, जारी किए गए प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ें एवं इसके अंतर्गत जारी किए गए हैं, इस संदर्भ में सटीक एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं। कंपनी का उत्तरदायित्व है कि वे कंपनी की संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार यथोचित लेखा अभिलेखों को बनाए रखें, जो धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने और इसे रोकने के लिए लेखा नीतियों का चयन व लागू कराने, उचित व विवेकपूर्ण निर्णय व अनुमान करने व ऐसी यथोचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण लागू कराने व बनाए रखने, जो प्रासंगिक लेखा अभिलेखों की सटीकता और संपूर्णता सुनिश्चित करती हो, जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति से संबंधित हो और सत्य व निष्पक्ष कथन का आलोकन कराती हो और जो किसी धोखाधड़ी या त्रुटि की वजह से होनेवाले मिथ्याकथन से मुक्त हों।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन कंपनी को गोइंग कंसर्न के रुप में इसकी क्षमता का आकलन करती है तथा जब तक प्रबंधन या तो कंपनी को समाप्त करने का या इसके संचालन को रोकने के लिए, या ऐसा करने के लिए कोई वास्तविक विकल्प न होने पर गोइंग कंसर्न के आधार पर लेखांकन का उपयोग करती है तथा गोइंग कंसर्न से संबंधित मामले को आवश्यकतानुसार प्रकट करती है।

निदेशक मंडल कंपनी के वित्तीय प्रतिवेदन प्रक्रिया की देखरेख के लिए जिम्मेदार हैं।

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है जिसमें इस बात की भी बात संपुष्टि हो कि क्या भारतीय लेखांकन मानक पूरी तरह से भौतिक गलतफहमी से मुक्त हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो तथा लेखा

परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारी राय शामिल है। उचित आश्वासन एक उच्च स्तर का आश्वासन है, जो यह गारंटी नहीं देता है कि धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट अंकेक्षण मानक के अनुसार संचालित लेखा परीक्षा हमेशा गलत विवरण का पता लगायेगी ही। गलतियाँ धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती हैं और यह माना जाता है कि व्यक्तिगत या पूर्ण रुप से यह इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकती है।

अंकेक्षण मानक के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम वृत्तिक निर्णय लेते हैं एवं पूरे लेखापरीक्षा के दौरान वृत्तिक लेखापरीक्षा में वृत्तिक संशयवाद को बनाए रखते हैं। हम :

- वित्तीय विवरणों के गलत विवरण के जोखिमों की पहचान एवं उनका आकलन करते हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो तथा उन जोखिमों के लिए लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन एवं निष्पादित करते हैं तथा लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित हैं। धोखाधड़ी से उत्पन्न गलत विवरण का पता न लगा पाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप अधिक है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण की अधिकता शामिल हो सकती है।
- लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करते हैं जो परिस्थितियों के अनुसार उचित हैं। अधिनियम की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस बात पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और क्या इस तरह के नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशील है।
- उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित खुलासों की तर्कशीलता का मूल्यांकन करते हैं।
- लेखांकन के आधार पर गोइंग कंसर्न का प्रबंधन द्वारा उपयोग की उपयुक्तता तथा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर यह निष्कर्ष निकालते हैं कि क्या एक घटना या शर्तों से संबंधित भौतिक अनिश्चितता मौजूद है, जो कंपनी की क्षमता पर संदेह पैदा कर सकती है जो एक चिंता का विषय है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई भौतिक अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें अपने लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में स्टैंडअलोन वित्तीय वक्तव्यों में संबंधित खुलासों पर ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है या यदि इस तरह के खुलासे अपर्याप्त हैं, तो हमारी राय को संशोधित करने की आवश्यकता है। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाओं या स्थितियों से कंपनी को गोइंग कंसर्न के रुप में बने रहने में कठिनाई हो सकती है।
- आंतरिक नियंत्रण में किन्हीं महत्वपूर्ण कमियों सहित जिसे लेखा परीक्षा के दौरान चिन्हित किया जाता हैं, अन्य योजनाबद्ध कार्य-क्षेत्र, लेखा परीक्षा का समय और महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्ष के मामलों में हम शासन विधि के लोगों साथ संवाद करते हैं जो कंपनी के नियंत्रण और इस तरह की अन्य संस्थाओं के समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल, जिसके हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं।

हम अन्य मामलों में, लेखा परीक्षा के नियोजित दायरे तथा समय और महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों के बारे में शासन विधि उन लोगों के साथ संवाद करते हैं, जिन्हें हम अपने लेखा परीक्षा के दौरान पहचानते हैं।

हम शासन विधि के उन लोगों को भी एक विवरण प्रदान करते हैं जिसका हमने स्वतंत्र लेखा परीक्षा के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, और उन सभी संबंधों और अन्य मामलों में जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपाय के साथ संवाद करते है, जिन्हें हमारी स्वतंत्रता पर उचित माना जा सकता है। शासन विधि

के लोगो से बातचित के मामलों से हम निर्धारित करते है की वर्तमान अवधि की वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षा मे वे महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे लेखापरीक्षा के प्रमुख बिन्दु है। हम आपने लेखा परीक्षा में इन मामलों को वर्णन करते है यदि कानून और विनियम मामलों के संबंध में सार्वजनिक घोषणा नहीं करता या जब हम आतंत असमान्य परिस्थिति मे निर्धारित करते है की हमारी रिपोर्ट में मामले का उल्लेख नहीं करना चाहिए क्यों की एसे संबाद से लोक हित के लाभ के लिए महत्वपूर्ण साबित होने के लिए विपरीत परिणाम की आशा हो सकती है।

अन्य वैधानिक और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट:

1. भारत के केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("आदेश") के अनुसार अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (11) के संदर्भ में, हम "अनुलग्नक- 1" में आदेश के अनुच्छेद 3 एवं 4 में निर्दिष्ट मामलों पर विवरण प्रदान करते हैं।

2. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों और उप निर्देशों पर हम "अनुलग्नक-2" दिए गए जानकारी एवं स्पष्टीकरण तथा कंपनी की बही एवं रिकॉर्डों के आधार पर, जैसा कि हमने उचित माना है हम 143 (5) के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट को संलग्न कर रहे हैं।

3. अधिनियम की धारा 143 (3) के आवश्यकता अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

    i. हमने अपने पूर्ण ज्ञान एवं विश्वास से उन सभी जानकारियों एवं स्पष्टीकरणों को प्राप्त किया है जो पूर्वोक्त भारतीय लेखांकन मानक के वित्तीय विवरणों का हमारे लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक था।

    ii. हमारी राय में, अब तक के उन बहियों के परीक्षण से यह प्रतीत होता है कि उपरोक्त भारतीय लेखांकन मानक के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में विधि द्वारा आवश्यक उचित लेखा बहियों को कंपनी ने रखा है।

    iii. इस रिपोर्ट के साथ तुलन-पत्र, लाभ और हानि का विवरण, इक्विटी में बदलाव का विवरण तथा नकदी प्रवाह के विवरण, भारतीय लेखांकन मानक के वित्तीय विवरणों के प्रस्तुतीकरण के लिए अनुरक्षित प्रासंगिक लेखा बहियों के साथ अनुबंध में है।

    iv. हमारे मत में, उपरोक्त वित्तीय विवरणी का अनुपालन कंपनी अधिनियम की धारा 133 में उल्लिखित लेखा मानक के साथ किया जाता है, जिसे कंपनी (एकाउंट्स) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पढ़ा जाए।

    v. कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना जी.एस.आर 463 (ई), दिनांक 5 जून 2015 के अनुसार एक सरकारी कंपनी होने नाते हमें सूचित किया गया है कि निदेशकों की अयोग्यता के संबंध में अधिनियम की धारा 164 (2) का प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं है।

    vi. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्यासता और इस तरह के नियंत्रणों के संचालन की प्रभावशीलता के संबंध में, "अनुलग्नक -3" में हमारी दी गई रिपोर्ट का अवलोकन करें। हमारी रिपोर्ट वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्यासता और परिचालन प्रभावशीलता पर एक असंशोधित राय व्यक्त करती है।

vii. हमारे मत में, हमारी पूर्ण जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी (ऑडिट एंड ऑडिटर्स) नियमावली, 2014 के नियम 11 से संबंधित अन्य मामलों को शामिल किया जाएगा।

क. जैसा कि हमें स्पष्ट किया गया है कि कंपनी के पास कोई लंबित मुकदमेबाजी नहीं है जो उसके भारतीय लेखांकन मानक के वित्तीय विवरणों में उसकी वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेगा।

ख. जैसा कि हमें स्पष्ट किया गया है कि कंपनी ने किसी भी व्युत्पन्न अनुबंध में प्रवेश नहीं किया है एवं कंपनी को दीर्घकालिक अनुबंधों पर किसी भी प्रकार की भौतिक हानि का अनुमान नहीं किया है, इसलिए इस संबंध में खाते में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

ग. कंपनी को निवेशक शिक्षा और संरक्षण के लिए कोई राशि हस्तांतरित करने की आवश्यकता नहीं है और जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 (2) के तहत आवश्यक है, किसी भी राशि को निधि में स्थानांतरित करने में देरी उत्पन्न नहीं होती है।

कृते एस. कक्कड़ एवं असोसिएट्स
(सनदी लेखाकार)
फर्म पंजीकरण संख्या– 317066ई

हस्ता/-
(सुनील कक्कड़)
प्रोपराइटर
सदस्यता संख्या-053159
यू.डी.आई.एन: 21053159AAAACV8875

स्थान : संबलपुर
तिथि : 24 मई, 2021

लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन हेतु अनुलग्नक-1

31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय लेखांकन मानक के वित्तीय विवरणों के अनुसार महानदी कोल रेलवे लिमिटेड के सदस्यों को हमारी रिपोर्ट के 'अन्य वैधानिक और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' के अनुच्छेद 1 उल्लेखित विवरण पर हम रिपोर्ट करते हैं कि:

i. क. कंपनी ने पूर्ण विवरण दिखाते हुए उचित रिकॉर्ड बनाए रखा है जिसमें मात्रात्मक विवरण और उसकी अचल संपत्तियों की स्थिति शामिल है।

ख. उपलब्ध जानकारी के अनुसार वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा कंपनी की अचल संपत्तियों भौतिक रूप से सत्यापित

किया गया एवं इस सत्यापन में किसी भी प्रकार की भौतिक विसंगति नहीं देखी गई थी और हमारी राय में ऐसे

भौतिक सत्यापन की आवधिकता कंपनी के आकार एवं इसकी संपत्ति की प्रकृति के संबंध में उचित है।

ग. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के पास कोई अचल संपत्ति नहीं है और इसलिए कोई

भी टाइटिल डीड नहीं है।

ii. जैसा कि हमें समझाया गया है कि कंपनी के पास वर्ष के दौरान सामग्रियों, कल-पुर्जे और कच्चे माल का भंडार नहीं है। इसलिए उक्त आदेश के अनुच्छेद 3 के खंड (ii) की आवश्यकता कंपनी पर लागू नहीं होती है।

iii. हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण अनुसार तथा अभिलेखों के परीक्षण के आधार पर, हमने देखा कि कंपनी के पास कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के तहत कवर की गई पार्टियों के लिए कोई ऋण और अग्रिम नहीं है।

iv. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा कंपनी के रिकॉर्ड के परीक्षण के आधार पर कंपनी ने कोई ऋण/निवेश/गारंटी/सुरक्षा प्रदान नहीं की है, इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के अनुपालन के संबंध में रिपोर्टिंग की आवश्यकता नहीं है।

v. कंपनी ने अधिनियम के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों एवं इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा धारा 73 से 76 के अंतर्गत किसी भी प्रकार का जमा स्वीकार नहीं किया है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए निर्देश कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

vi. कंपनी ने कोई व्यवसाय/सेवा शुरू आरंभ नहीं की है इसलिए कंपनी पर आदेश के 3(vi) का प्रावधान पर लागू नहीं है।

vii. क. कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार निर्विवाद वैधानिक देय साथ ही भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, सीमा शुल्क, माल और सेवा कर, उपकर व अन्य वैधानिक देय नियमित रूप से उपयुक्त प्राधिकरणों को जमा किए गए हैं। हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार 31 मार्च, 2021 तक देय होने देयता की तारीख से छह महीने से अधिक की अवधि के लिए किसी भी प्रकार की वैधानिक देय बकाया नहीं था।

ख. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण एवं हमारे द्वारा जांच की गई कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार आयकर, विक्रय कर, माल और सेवा कर, सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और मूल्य वर्धित कर जो कि किसी विवाद के कारण जमा नहीं किया गया है, बकाया नहीं है।

viii. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण तथा रिकॉर्ड के परीक्षण के आधार पर कंपनी ने वित्तीय संस्थान, बैंक या सरकार से कोई ऋण या उधार नहीं लिया है। कंपनी ने कोई ऋणपत्र जारी नहीं किया है। इसलिए, उक्त आदेश के अनुच्छेद 3 का खंड (viii) कंपनी पर लागू नहीं है।

ix. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने वर्ष के दौरान प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (ऋण लिखत सहित) एवं ऋण के शर्तों के माध्यम से कोई पैसा नहीं बढ़ाया है। तदनुसार आदेश का अनुच्छेद 3 लागू नहीं है।

x. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी के अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कंपनी पर या कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी देखी या रिपोर्ट नहीं की गई है।

xi. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण एवं कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी परीक्षा के आधार पर कंपनी ने अनुसूची V के अधिनियम के अनुसार पढ़े गए धारा 197 के प्रावधानों के द्वारा अपेक्षित अनुमोदित मैंनडेट के अनुसार प्रबंधकीय पारिश्रमिक के लिए भुगतान किया है ।

xii. कंपनी एक निधि कंपनी नहीं है। इसलिए, उक्त आदेश के अनुच्छेद 3 का खंड (xii) कंपनी पर लागू नहीं है।

xiii. कंपनी केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित उद्यम एवं संबंधित पार्टी लेनदेन करने वाली कंपनी होने के नाते भारतीय लेखांकन मानक 24 के अनुच्छेद 26 के तहत आवश्यक विशिष्ट विवरणों का खुलासा किया है।

xiv. हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण तथा कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी परीक्षा के आधार पर कंपनी ने वर्ष के दौरान शेयरों का कोई अधिमान्य आवंटन या निजी स्थानन या पूरी तरह या आंशिक रूप से परिवर्तनीय ऋणपत्र नहीं बनाया है।

xv. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण तथा कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी परीक्षा के आधार पर कंपनी ने गैर-नगद लेनदेन में निदेशक या उनके साथ जुड़े व्यक्तियों के साथ प्रवेश नहीं किया है। तदनुसार, उक्त आदेश के अनुच्छेद 3 का खंड (xv) कंपनी पर लागू नहीं है।

xvi. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-IA के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं।

कृते एस. कक्कड़ एवं असोसिएट्स
(सनदी लेखाकार)
फर्म पंजीकरण संख्या– 317066E

हस्ता/-
(सुनील कक्कड़)
प्रोपराइटर
सदस्यता संख्या-053159
यू.डी.आई.एन: 21053159AAAACV8875

स्थान : संबलपुर
तिथि : 24 मई, 2021

लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन हेतु अनुलग्नक-2

वर्ष 2020-21 के लिए सांविधिक लेखा परीक्षकों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत दिशानिर्देशों एवं अतिरिक्त दिशानिर्देशों के अनुसार रिपोर्ट।

क्रमांक	विवरण	लेखा परीक्षकों का जवाब
1.	क्या कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने की प्रणाली है? यदि हाँ, तो वित्तीय अनुमानों के साथ-साथ खातों की अखंडता पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण के निहितार्थ, यदि कोई हो, वर्णित किया जाए।	आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए कंपनी के पास कोई प्रणाली नहीं है।
2.	क्या किसी मौजूदा ऋण या छूट के मामलों व ऋणदाता द्वारा कंपनी की ऋण न चुका पाने की क्षमता के कारण चुकाए गए ऋण / बट्टे खाते में ऋण / ऋण /ब्याज आदि के मामलों का पुनर्गठन किया गया है? यदि हाँ, तो वित्तीय प्रभाव वर्णित किया जाए ।	हमें दी गई हमारी जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, किसी भी ऋणदाता द्वारा छूट बट्टे खाते में ऋण/ऋण/ब्याज आदि का पुनर्गठन नहीं किया गया है।
3.	क्या केंद्रीय / राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए धन प्राप्ति / प्राप्य का नियमों एवं शर्तों के अनुसार उचित रूप से उपयोग किया गया है? विचलन के मामलों की सूची प्रदान करें।	हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी को केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए किसी भी प्रकार की धन की प्राप्ति /प्राप्य प्राप्त नहीं हुई है।

कृते एस. कक्कड़ एवं असोसिएट्स
(सनदी लेखाकार)
फर्म पंजीकरण संख्या– 317066E

हस्ता/-
(सुनील कक्कड़)
प्रोपराइटर
सदस्यता संख्या-053159
यू.डी.आई.एन: 21053159AAAACV8875

स्थान : संबलपुर
तिथि : 24 मई, 2021

लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन हेतु अनुलग्नक-3

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (i) के तहत वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट।

समाप्त वर्ष के दौरान एवं तारीख के लिए वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखापरीक्षा के संयोजन के साथ हमने 31 मार्च, 2021 तक महानदी कोल रेलवे लिमिटेड ('कंपनी') की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखापरीक्षा किया है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ('ICAI') द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षा पर निर्देशन टिप्पण में वर्णित आवश्यक आंतरिक नियंत्रण घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मापदंड पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर कंपनी प्रबंधन आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो कंपनी के नीतियों के पालन, अपनी संपत्ति की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पहचान सहित, अपने व्यवसाय के क्रमबद्ध और कुशल आचरण को सुनिश्चित करने के लिए तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत लेखांकन अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता, और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी प्रभावी ढंग से चल रहे थे।

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर एक राय व्यक्त करना हमारी जिम्मेदारी है। हमने, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखापरीक्षा ("मार्गदर्शन नोट") पर मार्गदर्शन टिप्पण एवं आईसीएआई द्वारा लेखापरीक्षा मानक जो अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) में आवश्यक रुप से निर्धारित हों एवं जो आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षा के लिए उपयुक्त ,हों के अनुसार हमारे लेखापरीक्षा की है तथा दोनों ही भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी किए जाते हैं। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट की आवश्यकता है कि हम नैतिक आवश्यकताओं एवं योजना का पालन करें तथा उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा करें एवं सुनिश्चित करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखा गया था और क्या इस तरह के नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता एवं उनके प्रभावशील संचालन से संबंधित लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के हमारे लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करने की भौतिक कमजोरी मौजूद है एवं डिजाइन का परीक्षण तथा मूल्यांकन और जोखिम आकलन के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के प्रभावशील संचालन शामिल हैं। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के फैसले पर निर्भर करती हैं, जिसमें वित्तीय विवरणों की सामग्री के गलत विवरण के जोखिम का मूल्यांकन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

हम मानते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक प्रक्रिया है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता तथा आमतौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में उन नीतियों और प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है जो (1). अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित हैं, जो उचित रुप से कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन-देन और निपटान को सही और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं; (2). उचित आश्वासन प्रदान करता है कि आम तौर पर स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी की अनुमति देने के लिए लेनदेन को आवश्यक रूप से दर्ज किया है, और कंपनी की प्राप्ति और व्यय कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार ही किए जा रहे हैं; और (3). कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान के संबंध में समय पर पता लगाए व इसके निवारण हेतु उचित आश्वासन प्रदान करें जो वित्तीय विवरणों पर भौतिक प्रभाव डाल सकते हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, नियंत्रण की सांठगांठ या अनुचित प्रबंधन ओवरराइड की संभावना सहित, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण सामग्री के गलत विवरण हो सकते हैं और जिसका पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, भविष्य में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन हैं जो कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की मात्रा में ह्रास हो सकता है।

मत

हमारी राय में, भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ('आई.सी.ए.आई') द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षा पर निर्देशन टिप्पण में वर्णित आवश्यक आंतरिक नियंत्रण घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मापदंड पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर कंपनी के पास सभी भौतिक मामलों में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है तथा ऐसे वित्तीय रिपोर्टिंग पर इस तरह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2021 तक प्रभावी रूप से चल रहे थे।

कृते एस. कक्कड़ एवं असोसएट्स
(सनदी लेखाकार)
फर्म पंजीकरण संख्या– 317066E

हस्ता/-
(सुनील कक्कड़)
प्रोपराइटर
सदस्यता संख्या-053159
यू.डी.आई.एन: 21053159AAAACV8875

स्थान : संबलपुर
तिथि : 24 मई, 2021

अनुपालन प्रमाण पत्र

हमने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (5) के तहत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों/उप-निर्देशों के अनुसार 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए महानदी कोल रेलवे लिमिटेड के खातों की लेखापरीक्षा की है एवं हम यह प्रमाणित करते हैं कि हमने जारी किए गए सभी निर्देशों/उप-निर्देशों का अनुपालन किया है।

कृते एस. कक्कड़ एवं असोसिएट्स
(सनदी लेखाकार)
फर्म पंजीकरण संख्या– 317066ई

हस्ता/-
(सुनील कक्कड़)
प्रोपराइटर
सदस्यता संख्या-053159
यू.डी.आई.एन: 21053159AAAACV8875

स्थान : संबलपुर
तिथि : 24 मई, 2021

अनुलग्नक- III

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए महानदी कोल रेलवे लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) (बी) के तहत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां।

कंपनी अधिनियम, 2013(अधिनियम) के तहत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए महानदी कोल रेलवे लिमिटेड के वित्तीय विवरण को तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक स्वतंत्र आधार पर अधिनियम की धारा 143 के तहत् निर्धारित ऑडिटिंग पर मानकों के अनुसार स्वतंत्र ऑडिट पर आधारित अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह उनके द्वारा दिनांक- 24 मई 2021 को अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में बताया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की ओर से, अधिनियम की धारा 143 (6) (ए) के तहत 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए महानदी कोल रेलवे लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखापरीक्षा नहीं करने का निर्णय लिया है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से

हस्ता/-

(मौसमी राय भट्टाचार्य)

महानिदेशक, लेखापरीक्षा(कोयला), कोलकाता

स्थान: कोलकाता,

दिनांक: 16 जून, 2021

महानदी कोल रेलवे लिमिटेड

(महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

वित्तीय विवरण

वित्तीय वर्ष – 2020-21

नोट : वित्तीय विवरण के लिए टिप्पणी संख्या. 5, 6, 7, 8, 12, 13, 15, 18, 21, 22, 24, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 36 एवं 37 संलग्न नहीं किया गया है क्योंकि चालू वर्ष के साथ-साथ पिछले वर्ष के लिए शून्य आंकड़ा है।

31 मार्च,2021 के अनुसार

(लाख रुपए में)

तुलनपत्र

	टिप्पणी सं.	के अनुसार 31.03.2021	31.03.2020
परिसंपत्तियां			
गैर चालू परिसम्पत्तियाँ			
(क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	3	21.51	23.85
(ख) पूंजीगत कार्य प्रगति पर	4	11,286.77	6,245.15
(ग) अन्वेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियां	5	-	-
(घ) मूर्त परिसम्पत्तियाँ	6	-	-
(ङ) वित्तीय परिसंपत्तियां			
(i) निवेश	7	-	-
(ii) ऋण	8	-	-
(iii) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ	9	-	-
(च) आस्थगित कर परिसम्पत्तियाँ (निवल)			
